प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

किसान मेले में खरीफ फसलों के बीजों की भारी बिक्री

पन्तनगर। 8 मार्च 2025। विश्वविद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों के स्टालों से खरीफ की विभिन्न फसलों के बीजों की बिक्री हो रही है। मेले के दूसरे दिन आज दोपहर तक फसल अनुसंधान केन्द्र, प्रजनक बीज उत्पादन केन्द्र, विश्वविद्यालय फार्म तथा एटिक द्वारा लगभग 9.20 लाख रूपये के विभिन्न खरीफ फसलों के बीजों की बिक्री की गयी। इसके अतिरिक्त औषधीय एवं संगंध पौध अनुसंधान केन्द्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, उद्यान अनुसंधान केन्द्र तथा कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र के स्टालों से लगभग 88 हजार रूपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही प्रकाशन निदेशालय तथा एटिक के स्टाल से लगभग 22 हजार रूपये के प्रकाशनों की बिक्री की गई। इनके अतिरिक्त मेले में लगे निजी क्षेत्र के विभिन्न स्टालों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के बीजों एवं पौधों की बिक्री की गयी।

मेले के दूसरे दिन दोपहर तक लगभग 2 हजार किसानों ने अपना पंजीकरण कराया। इसके अतिरिक्त लगभग 2 हजार अपंजीकृत किसानों द्वारा भी मेले का भ्रमण किये जाने का अनुमान है। किसान गोष्ठी के अन्तर्गत ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प पर ली जाने वाली फसलों पर किसानों और वैज्ञानिकों के मध्य विशेष चर्चा एवं प्रशिक्षण दीक्षान्त पण्डाल पर दिया, जिसमें लगभग 200 कृषकों ने प्रतिभाग किया। इस प्ररिचर्चा में डा. वी.के. सिंह, डा. ए.एस.जीना, डा. एस.के. मौर्या, डा. अमित कुमार डा. एम.एस. नेगी एवं डा. गुरविन्दर सिंह द्वारा जानकारी दी गयी। विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत कृषकों को विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों पर भ्रमण भी कराया गया। ग्रीमकालीन धान के विकल्प के तौर में किसान भाई उर्द, गन्ना, सोयाबीन, मक्का की फसल ले सकते है।

प्रकाशन निदेशाल के स्टाल पर पुस्तकों का अवलोकन करते किसान।

निदेशक संचार